प्रेषक,

प्रधानाचार्य
हीवेट पालीटेक्निक,
महानगर, लखनऊ।

सेवा में,

श्री विकास सक्सेना
पुत्र श्री सतीश चन्द्र सक्सेना
एम.एम.आई.जी.-334, फेस-1
टिकैत राय तालाब, एल.डी.ए. कालोनी
लखनऊ, उ0 प्र0- 226017

पत्रांकः-एच0पी0/2018-19/नियुक्ति/कम्प्यू0 प्रो0(कम्प्यू0 अनु0)/कैम्प-06 लखनऊ दिनांकः-18.09.2018

विषयः-कम्प्यूटर प्रोग्रामर (अनुदेशक कम्प्यूटर) पद पर चयनोपरान्त कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में।

महोदय,

शासनादेश संख्याः-7/2016/यू0ओ0-4/सोलह-2-2016-06(पी0सी0)/15 प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ दिनांकः-16 फरवरी 2016 द्वारा संस्था में सृजित कम्प्यूटर प्रोग्रामर(कम्प्यूटर अनुदेशक) पद पर भर्ती हेतु संस्था द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं0-1/(2015-16-16) दिनांकः-15.04.2016 तथा उपरोक्त पद पर भर्ती के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद (लखनऊ पीठ) द्वारा रिट याचिका सं0-3559 (S/S) 2017 में पारित निर्णय के विरुद्ध प्राविधिक शिक्षा विभाग उ0 प्र0 द्वारा योजित विशेष अपील सं0-300/2018 (डिफेक्टिव) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम कमेटी ऑफ मेनेजमेन्ट हीवेट पालीटेक्निक,लखनऊ में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन उक्त पद हेतु प्राप्त आपका आवेदन पत्र दिनांकः-20.04.2016 व अन्य अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों को संज्ञान में लेते हुये निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 कानपुर के पत्रांकः-28783/ई-35-एक्स-कोर्टकेस कानपुर दिनांकः-29.08.2018 एवं पत्र सं0-29252/ई-35-एक्स कोर्टकेस कानपुर दिनांकः-04.09.2018 द्वारा गठित चयन समिति द्वारा आपके उक्त पद पर चयन के संबंध में चयन समिति की अनुशंसा के पश्चात नियोक्ता अध्यक्ष प्रबन्ध समिति द्वारा निदेशक प्राविधिक शिक्षा को आपके चयन के संबंध में प्रेषित प्रस्ताव का निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0 प्र0 कानपुर द्वारा परीक्षण कर आपकी नियुक्ति का अनुमोदन अपने पत्र- 33602/ई-35-एक्स अनुमोदन कानपुर दिनांकः-17.09.2018 द्वारा प्रदान करने के उपरान्त आपको नियुक्ति पत्र निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन निर्गत किया जाता है:-

1. यह की आपकी नियुक्ति कम्प्यूटर प्रोग्रामर (कम्प्यूटर अनुदेशक) के पद पर वेतन मान 5200-20200 (ग्रेड पे- 2800) में प्रारम्भिक मूल वेतन पर अस्थाई रुप से की जाती है।
2. यह की राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पालीटेक्निकों हेतु स्वीकृत मंहगाई भता, आवास भता तथा नगर प्रतिकर भते आपको देय होंगे।
3. यह की आपकी नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई है एवं प्रथमतः दो वर्ष के परिवीक्षाकाल पर की जाती है। यदि इस अवधि में आपका कार्य एवं आचरण संतोषजनक रहा तो आपकी नियुक्ति नियमित की जा सकती है।
4. यह की आपको सौंपे गये कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रतिमास की जायेगी।

Scanned with CamScanner